04 सड़क पर सुरक्षित चलें, नियमों व संकेतों का...



07 परिषद की बैठक बुलाए जाने पर प्रशासन...





**खबर संक्षेप**

### स्टेट पर हाई कोर्ट ने लगाई 20 हजार की कॉस्ट

**सागर।** सागर जिले के बहु चर्चित मामला राज कुमार धनौरा भू-स्वामित्व मामले में स्टेट द्वारा चार्जशीट पेश न करने पर 20 हजार रुपए का कॉस्ट लगाया गया है। उच्च न्यायालय के समक्ष सुनवाई के दौरान उक्त प्रकरण में म. प्र. स्टेट द्वारा बार बार समय मांगा जा रहा था किंतु चार्जशीट पेश नहीं की जा रही थी जिसको संज्ञान में लेते हुए उच्च न्यायालय ने स्टेट पर 20 हजार की कॉस्ट लगाई है और दो सप्ताह का समय दिया गया है। अगर दो सप्ताह के अंदर चार्जशीट पेश नहीं की जाती है तो थाना प्रभारी को स्वयं उपस्थित होने का आदेश जारी किया गया है।

### वित्तीय संहिता एवं कोषालय संहिता पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार जिला कोषालय सागर द्वारा कोषालय संहिता, वित्तीय संहिता एवं भण्डार क्रय नियम के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ कोषालय अधिकारी शशिकांत पौराणिक द्वारा वित्तीय नियमों एवं प्रक्रियाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया तथा संबंधित प्रारूपों की जानकारी भी प्रदान की गई। इस प्रशिक्षण में जिले के आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डीडीओ) एवं लेखापालों ने उपस्थित रहकर वित्तीय विषयों से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण में अनिल पाण्डेय (सिस्टम मैनेजर), संजय सोनी (एटीयू), गोविन्द अहिरवार, राजदीप शुक्ला सहित अन्य कोषालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे और प्रशिक्षण के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया।

### संयुक्त संचालक ने किया आवास स्थलों व खेल मैदानों का निरीक्षण

**सागर।** संयुक्त संचालक शत्रुंजय प्रताप सिंह ने 69 वे राष्ट्रीय शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता के आवास स्थलों एवं सभी खेल मैदाने का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान आवश्यक निर्देश दिए एवं प्रतियोगियों टीम मैनेजर कोच मैनेजर से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आप सभी समय पर बैडमिंटन कोर्ट पर मौजूद रहे जिससे कि आपके मैच समय पर हो सकें उन्होंने अधिकारियों के साथ आवास स्थलों का भी निरीक्षण किया एवं निर्देश दिए की मौसम के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित रहे। ऐसा सुबह जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन सहायक संचालक मनीषा एलेग्जेंडर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**मड़िया डैम का जल शक्ति मंत्रालय सचिव ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण**

# बांधों के रखरखाव में मिलेगी रैंकिंग, रखरखाव के लिए करें स्थाई पॉलिसी तैयार: सचिव कांताराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



केंद्र सरकार शीघ्र ही बांधों के रखरखाव में रैंकिंग देने का कार्य शुरू करेगी। अतः रखर खाव के लिए स्थाई पॉलिसी तैयार करें। उक्त निर्देश केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय सचिव बी एल कांताराव ने सागर के राहतगढ़ विकास खंड के अंतर्गत बने मड़िया डैम के निरीक्षण के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2026 तक डैम के अंतर्गत 60 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित होगी। इस अवसर पर कलेक्टर संदीप जी आर, ईएनसी डब्लूआरडी विनोद कुमार देवड़ा, सीई सागर डब्लूआरडी आरपीएस कांवर, सीई बीना प्रोजेक्ट आरआर मीणा, एसई बीना प्रोजेक्ट दीपक चौकसे, ई ई श्री विनय रोहित, अपर कमिश्नर पवन जैन सहित अन्य विभाग अधिकारी मौजूद थे।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय सचिव बीएल कांताराव ने आज सागर के मड़िया बांध का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि बांधों के रखरखाव के लिए स्थाई पॉलिसी तैयार करें जिससे इनका समय पर रखरखाव किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभी सिंचाई परियोजनाएं, महत्वाकांक्षी परियोजनाएं हैं और इनसे संबंधित सभी कार्य समय सीमा में पूरे किए जाएं।

राज्य सरकार भी बांधों के रखरखाव के लिए स्थाई मेंटेनेंस पॉलिसी भी तैयार करे जिससे रखरखाव में राशि की कमी बाधा ना बने। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2026 तक कम से कम 60000 हेक्टेयर से अधिक भूमि संचित हो इसके लिए लगातार कार्य किए जाएं उसके बाद 36000 हेक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित करने के लिए भी लगातार समानांतर कार्य करें। उन्होंने कहा कि कलेक्टर प्रत्येक माह इसकी समीक्षा करें जिससे कार्य की प्रगति लगातार हो सके और जानकारी अद्यतन की जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि मड़िया एवं चकरपुर डैम के पावर हाउस एवं पंप हाउस का कार्य भी समानांतर रूप से किया जाए।

मड़िया, चकरपुर बांध से चार विकास खंडों के 282 ग्राम होंगे लाभान्वित, 96 हजार हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित मड़िया, चकरपुर बहुउद्देशीय परियोजनाओं का निर्माण सागर जिले में किया जा रहा है।

परियोजना अंतर्गत 270.10 मि.घ.मी. कुल जल भराव क्षमता के मड़िया बांध का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है, जिससे सैंच्य क्षेत्र की सिंचाई आवश्यकता अनुसार पॉवर चैनल से जल छोड़कर 21 मेगावॉट बिजली का उत्पादन करने के उपरांत पुनः नदी में छोड़ दिया जावेगा। उक्त जल का पुनः भंडारण करने हेतु मड़िया बांध में 74.31 मि.घ.मी. कुल जल भराव क्षमता के चकरपुर बांध का निर्माण किया गया है। चकरपुर एवं देहरा बांध से प्रेशराइज्ड़ पाईप के द्वारा सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली का निर्माण कर सागर जिले के राहतगढ़, खुरई, मालथौन एवं बीना विकास खण्डों के 282 ग्रामों में 96,000 हे. भूमि की सिंचाई किया जाना है। परियोजना अंतर्गत 72.36 मि.घ.मी. जल भराव क्षमता के देहरा बांध, 6.51 मि.घ.मी. जल भराव क्षमता के सेमराघाट व्यपवर्तन वियर, 4 मेगावॉट बिजली उत्पादन क्षमता के देहरा पॉवर हाऊस तथा 21 मेगावॉट क्षमता के पॉवर हाऊस का निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है।

## परियोजना कहां स्थित है

सागर जिले के तहसील राहतगढ़ के ग्राम गाबरी के समीप बीना नदी पर मंड़िया बांध एवं ग्राम भूलनाभानगढ़ के समीप चकरपुर बांध निर्मित है। ग्राम सेमराघाट तहसील जैसीनगर के समीप धसान नदी पर सेमराघाट व्यपवर्तन वियर तथा ग्राम मनकापुर तहसील राहतगढ़ के समीप देहरा नाले पर देहरा बांध का निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है।

## प्रशासकीय स्वीकृति

केन बेतवा लिंक परियोजना प्रथम एवं द्वितीय चरण म.प्र. राज्य द्वारा कराये जाने वाले कार्यों की एक्जाई प्रशासकीय स्वीकृति म.प्र. शासन जल संसाधन विभाग के द्वारा राशि 4182.06 करोड़ स्वीकृत की गई।

## परियोजना अंतर्गत कार्य

परियोजना अंतर्गत मड़िया एवं चकरपुर बांध का 100 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। बीना सिंचाई परियोजना अंतर्गत प्रेशराइज्ड पाईप द्वारा सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली से सागर जिले के राहतगढ़, खुरई, मालथौन एवं बीना तहसील के 90,000 हे. क्षेत्र में सिंचाई सुविधा विकसित किया जाना प्रस्तावित है एवं जून 2027 तक पूर्ण किया जाना संभावित है। वर्तमान में प्रथम फेज राहतगढ़ तहसील के लिये स्वीकृति 14239 हे. के कार्य का 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया गया है, शेष कार्य प्रगति पर है। जिसे जून 2026 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है, जिससे राहतगढ़ तहसील के 51 ग्रामों की 14239 हे. सैंच्य क्षेत्र में सिंचाई किया जाना है। द्वितीय फेज अन्तर्गत खुरई, बीना एवं मालथौन तहसील के शेष 75761 हे. क्षेत्र हेतु निर्माण कार्य 66 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है, शेष कार्य जून 2027 तक पूर्ण किया जाना है।

## डूब प्रभावित परिवारों को आवंटित किए जा रहे हैं भूखण्ड

सागर। कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन में तहसील कार्यालय बंडा जिला सागर में बंडा वृहद सिंचाई परियोजना अंतर्गत डूब से प्रभावित ग्राम पिपरिया इल्लाई के 447 कुटुम्बों को लॉटरी के माध्यम से भू-खण्ड आवंटित किए गए। ग्राम पिपरिया इल्लाई के प्रभावित कुटुम्ब भारी उत्साह के साथ अधिक से अधिक संख्या में भू-खण्ड आवंटन की कार्यवाही में सम्मिलित हुए। 18 दिसम्बर तक परियोजना अंतर्गत बंडा एवं बांदरी तहसील के डूब से प्रभावित आबादी वाले समस्त 15 ग्रामों के 2992 कुटुम्बो को लॉटरी के माध्यम से भू-खण्ड आवंटित किए जा चुके है।

## श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का घट यात्रा व ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी मकरोनिया सागर में आज से श्री 1008 सिद्ध चक्र महामण्डल विधान का शुभारंभ हुआ, जिसमें सबसे पहले घटयात्रा एवं ध्वजारोहण किया गया। विधान कराने का सौभाग्य वाणीभूषण विद्वान पंडित उदय चंद शास्त्री परिवार द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें उनके पुत्र इंजीनियर अंशुल सौधर्म इंद्र बनकर, पूजा अर्चना कर रहे हैं। इस पावन महाआयोजन में आचार्य श्री 108 विभव सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 विभास्वर सागर जी, मुनि श्री 108 शुद्धोपयोग सागर जी, मुनि श्री 108 श्रीसागर जी एवं मुनि श्री 108 श्रम सागर जी महाराज के साथ-साथ, परम पूज्य समाधि सम्राट, संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के सुयोग्य शिष्य क्षुल्लक रत्न 105 श्री नयसागर जी महाराज का मंगल सान्निध्य प्राप्त हो रहा है। ध्वजारोहण डॉक्टर शोभा लाल जैन सपरिवार एवं दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन पटवारी, एमसी जैन मड़देवरा, सुनील जैन शिक्षक एवं जिनेश बहरोल द्वारा किया गया। परम पूज्य मुनि श्री 108 श्रम सागर जी महाराज के मंगल उद्बोधन उपरांत, विधान की समस्त धार्मिक क्रियाएं, आदरणीय बा.ब्र. अंकित भैया धनेटा और वरिष्ठ विद्वान प्रतिष्ठाचार्य पंडित पवन दीवान द्वारा कराई गईं। इस अवसर पर विधान पुण्यार्जक पंडित परिवारजन, रिश्तेदार एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## शिवसेना शीर्ष नेतृत्व से मनी सिंह गुरौन को मिले निर्देश, प्रदेश में जल्द करेंगे संगठन विस्तार



**सागर।** मनी सिंह गुरौन सनातन धर्म और सनातन संस्कृति को लेकर बेहद गंभीर नजर आ रहे हैं। संभवत इसी सोच के चलते इन्होंने हाल ही में शिवसेना का दामन थाम कर हिंदुत्व के मुद्दे को आगे बढ़ाने और सनातन विरोधियों को सबक सिखाने का संकल्प भी लिया है। मनी सिंह लव जिहाद, धर्मातरण, जैसे अनेक मुद्दों को लेकर भी सक्रिय है। शिवसेना राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी की अनुशंसा पर मनी सिंह ने राज्य संगठक का पद ग्रहण करते ही संगठन से जुड़े युवाओं में ऊर्जा भरने का काम शुरू कर दिया है। मनी सिंह की माने तो आगामी फरवरी माह में शिवरात्रि के अवसर पर पूरे प्रदेश में संगठन से नई युवाओं को जोड़ने और उनकी नियुक्तियां करने के उद्देश्य से उनकी मुहिम शुरू होगी। और प्रदेश के हर जिले के पदाधिकारियों की कार्य कुशलता का आंकलन किया जायेगा। जो अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा रहे हैं, उनके निष्कासन और नए युवाओं को संगठन में जोड़कर उन्हें प्रोत्साहित करने का काम भी किया जाएगा। मनी सिंह शिवसेना के शीर्ष नेतृत्व से लगातार संपर्क में हैं और उन्हें शीर्ष नेतृत्व ने जो दिशा निर्देश दिए हैं मनी सिंह उन निर्देशों को धरातल पर उतारने का प्रयास कर रहे हैं।

## भक्तों के विशेष प्रेम के कारण अवतरित होते हैं भगवान: बापू



**सागर।** खेल परिसर के बाजू वाले मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में परम पूज्य संत श्री चिन्मयानंद बापू जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा में चतुर्थ स्कंध में ध्रुव जी महाराज का चरित्र आया ध्रुव जी ने मात्र 6 वर्ष की आयु में भगवान को पा लिया। मानव भागवत कथा हमें यह सिखाती है कि यदि हमें ईश्वर को पाना है तो उसमें उम्र का महत्व नहीं होता है बल्कि भाव और आपके प्रेम का महत्व होता है। यदि आपने सच्चे मन से ईश्वर को याद किया और आप का भाव पवित्र है। मन पवित्र है तो भगवान भी मिलने में देर नहीं लगाते हैं । तत्क्षण भगवान आपको अपनी शरण में ले लेता है। ध्रुव जी महाराज की चरित्र से एक शिक्षा हमें यह भी मिलती है कि हम भी अपने बच्चों को छोटे से ही संस्कारित करें ईश्वर की कथाओं से जुड़े और ईश्वर से प्रेम करना सिखाए। बापूजी ने कहा कि पंचम स्कंध में जड़ भरत की कथा से हमें यह शिक्षा मिलती है कि एक भूल के कारण जड़ भरत जी को तीन जन्म अधिक लेना पड़ा लेकिन परमात्मा के श्री चरणों में उनका प्रेम बना रहा जिसके कारण तीन जन्म के पश्चात भी वह मुक्त हो गए। बाद में बामन भगवान और राम अवतार की कथा सुनाते हुए श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया । बापूजी ने कहा कि जिस प्रकार दूध में दही छिपा रहता है सिर्फ उसको प्रकट करना होता है। उसी तरह भगवान पूरे संसार में व्याप्त है भक्तों की प्रेम से उनको प्रकट किया जाता है । जब जब मां देवकी और वसुदेव जी ऐसा प्रेम किसी के अंदर होता है ईश्वर को बुलाना नहीं पड़ता वह स्वयं अवतरित हो जाते हैं। कथा में श्रोताओं की अपार भीड़ के साथ पूरा मैदान भरा हुआ था। लगभग 2 एकड़ का मैदान और 50000 स्क्वायर फीट के पंडाल में बिल्कुल भी जगह नहीं बची और श्रोताओं का अपार प्रेम कथा के प्रति देखने को मिला । पूज्य बापू जी ने सागर की धार्मिक जनता का खूब अभिनंदन करते हुए मंच से सभी का आभार व्यक्त किया। आज मुख्य रूप से कथा में मुख्य यजमान अनिल तिवारी, प्रतिभा तिवारी, शिव शंकर मिश्रा, मुख्य सह यजमान शिल्पा तिवारी नीरज तिवारी, प्रदीप लारिया विधायक नरयावली, निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, शिल्पी भार्गव, अजाद रानी खटीक, अजय श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, राजकुमार अग्निहोत्री, रत्नेश राजपूत, रामवतार पांडे, कमल तिवारी, मुन्ना पटेरिया, सीताराम मिश्रा, अशोक उपाध्याय, गोलू रिछारिया, रामजी दुबे, पंडित तरुण बडोनिया, लालू मेथवानी, डॉ. सुखदेव मिश्रा, डॉ. वीरेन्द्र पाठक, असंख्य दुबे, हरीराम सिंह, डॉ. उमेष सराफ, मधुर पुरोहित, सुरेन्द्र सुहाने, नीरज पाण्डे, जस्सी सरदार, सुनील सिरोठिया बीना, मुरारी साहू, अथर्व दुबे, कुलदीप सोनी, आदि उपस्थित रहे।

**नवजात शिशु की आपातकालीन सर्जरी सफल**

# चिकित्सकों की तत्परता से बची एक माह के बच्चे की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर में चिकित्सकों की तत्परता और समन्वित प्रयास से एक माह के नवजात शिशु की जान बचाई गई। 12 दिसंबर को गंभीर अवस्था में शिशु को भर्ती कराया गया था। बच्चे को लगातार उल्टियां हो रही थीं। जांच के दौरान एक्स-रे में पाया गया कि उसकी आंतें उलझ गई हैं तथा उसे अवरोधित (ऑब्सट्रक्टेड) इन्गुआइनल हर्निया था। चिकित्सकों के अनुसार यदि समय पर सर्जरी नहीं की जाती, तो आंतों में गैंग्रीन व सेप्टिसीमिया जैसी घातक स्थिति उत्पन्न हो सकती थी, जिससे शिशु की जान को गंभीर खतरा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत वरिष्ठ चिकित्सकों को सूचित किया गया।

इमरजेंसी मेडिसिन विभाग के डॉ. सत्येंद्र उईके के निर्देशन में पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. विशाल गजभिये एवं डॉ. सौरभ जैन ने त्वरित जाँच कर आधे घंटे के भीतर इमरजेंसी सर्जरी का निर्णय लिया। लगभग 2.5 से 3 घंटे तक चली जटिल आपातकालीन सर्जरी के बाद सफलतापूर्वक शिशु की जान बचा ली गई। इस जटिल ऑपरेशन में निशचेतना विभाग की टीम- डॉ. सर्वेश जैन एवं डॉ. मोहम्मद इलियास- ने विशेष सावधानी के साथ सफल एनेस्थीसिया प्रदान किया, जिससे सर्जरी सुचारु रूप से संपन्न हो सकी।

सर्जरी के उपरांत शिशु को एनआईसीयू में रखा गया, जहाँ एक दिन वेंटिलेटर तथा उसके बाद तीन दिनों तक ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया। प्रारंभ में शिशु को दूध नहीं दिया गया, किंतु चौथे दिन से धीरे-धीरे फीडिंग शुरू की गई, जिससे उसकी स्थिति में निरंतर सुधार हुआ। बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. पी.एस. ठाकुर ने इमरजेंसी मेडिसिन, पीडियाट्रिक एवं निश्चेतना विभाग की टीम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की जटिल सर्जरी बीएमसी में पूर्णतः निशुल्क उपलब्ध है। अधीक्षक डॉ. राजेश जैन ने भी सफल ऑपरेशन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

शिशु विभाग की टीम में डॉ. आशीष जैन, डॉ. रूपा अग्रवाल, डॉ. अंकित जैन, डॉ. अजीत आनंद असाठी, डॉ. महेंद्र सिंह चौहान, डॉ अंकित जैन (यस.आर) डॉ. नरेंद्र परमार, डॉ. पियूष गुप्ता एवं डॉ. सौम्या व्यास शामिल रहे। इसके अतिरिक्त इमरजेंसी मेडिसिन विभाग के डॉ. प्रियांशु जैन तथा ओटी स्टाफ विनोद कुमार शर्मा सहित अन्य का भी सराहनीय योगदान रहा। इस प्रकार, विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय, त्वरित निर्णय और चिकित्सकीय दक्षता से नवजात शिशु को समय पर उपचार मिला और उसकी जान बचाई जा सकी।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता-बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता-कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंाभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आॅफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**खबर संक्षेप**



### खिरिया छतारा गांव में शोकसभा संपन्न दी श्रद्धांजलि

**ललितपुर।** गांव खिरिया छतरा में हाल ही में शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने एकजुट होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा के दौरान दो मिनट का मौन रखकर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया गया। वक्ताओं ने दिवंगत के सामाजिक योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। शोक सभा में गांव के गणमान्य नागरिकों, युवाओं एवं महिलाओं ने सहभागिता की। आयोजन के माध्यम से आपसी भाईचारे, संवेदना और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। ग्रामीणों प्रजापति समाज जिलाध्यक्ष हरचरण बाबा, जिला सचिव भगवानदास प्रजापति, युवा पप्पू, जिलाध्यक्ष विवेक प्रजापति, मुकेश, गणेश, जिला प्रजापति समाज मीडिया प्रभारी अमित प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### देवर-देवरानी जबरन जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा अंतर्गत ग्राम बम्हौरीकलां निवासी सुनीता पत्नी कमल प्रजापति ने पुलिस को अवगत कराया कि उसके सगे देवर नन्दू प्रजापति पुत्र भगोले ने अपने हिस्से की जमीन के अलावा उसके हिस्से की जमीन पर भी जबरन कब्जा करने की फिराक में है। बताया कि बीती 14 दिसम्बर को शाम करीब 4 बजे उसका देवर व देवरानी सरोज खेत में लगे पत्थर उखाडने का प्रयास कर रहे थे। जब उसने यह देखा तो उसने मना किया। विरोध करने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये लात-घूसों से मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने बताया कि उसके पति मड़ावरा में पल्लेदारी करते हैं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### चालक ने बैक करते हुए पिकअप में मारी टक्कर

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खड़ेरा निवासी राजू पुत्र दयाराम रजक ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 13 दिसम्बर को सुबह करीब 11 बजे वाहन संख्या यू.पी. 94 एस 7700 इनोवा कार को चलाता हुआ वह पुराना झांसी-सागर रोड एन.एच.26 पर मन्नू पेट्रोल पम्प के पास स्थित होटल आर्यन इन ललितपुर के दरबाजे पर प्रवेश कर रहा था। उसकी कार रोड की पटरी एवं प्रवेश द्वार के मध्य में थी। तभी वहां खड़ी पिकअप लोडर संख्या यू.पी. 94 टी 4038 के ड्राइवर ने पिकअप को यकाइक तेजी व असावधानी से बैक करते हुये बिना कोई हॉर्न दिये ही कार में बाईं ओर टक्कर मार दी, जिससे उसकी कार का अगला दरबाजा एवं बोनट क्षतिग्रस्त हो गया। इस टक्कर से उसकी कार का करीब 40 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। बताया कि इस कार के स्वामी सुधीर कुमार श्रीवास्तव हैं। जबकि दुर्घटना को नदीपुरा निवासी मोहम्मद आरिफ पुत्र हाजी जमील एवं आजादपुरा निवासी रोहित शर्मा पुत्र श्याम सुन्दर शर्मा व मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने देखा। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सीहोर स्टेशन पर अन्य ट्रेनों के ठहराव की मांग

**सीहोर।** बीते लंबे समय से सीहोर के नागरिक सीहोर रेलवे स्टेशन पर अन्य ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग कर रहे हैं। सीहोर में कुबरेश्वर धाम पर लाखों की संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। इसके साथ ही बड़ी संख्या में विद्यार्थी वर्ग भी अपनी शिक्षा प्राप्त करने हेतु शैक्षणिक संस्थान आते हैं, लेकिन ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं होने के कारण अनेक लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अगर सीहोर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का स्टॉपेज होगा तो उसे रेलवे विभाग को भी राजस्व की प्राप्ति बढ़ेगी। इन्हीं सभी मांगों को लेकर सीहोर के वरिष्ठ गोपाल सोनी, वीरेंद्र किरार सहित अन्य गणमान्य नागरिकों नागरिकों ने भोपाल सीहोर सांसद आलोक शर्मा को ट्रेन स्टॉपेज करने हेतु मांग पत्र सौंपा था।

## कोहरे को लेकर यातायात पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

# सड़क पर सुरक्षित चलें, नियमों व संकेतों का पालन करें: तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

वर्तमान में पड़ रही ठण्ड और सुबह-शाम लग रहे कोहरे के मद्देनजर यातायात पुलिस ने वाहन चालकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। एसपी मो.मुश्ताक के आदेश, एएसपी कालू सिंह व सीओ यातायात के निकट पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा है। इसके लिए सर्दी और कोहरे के मौसम में सुरक्षित यात्रा हेतु यातायात पुलिस सभी वाहन चालकों के लिए विशेष यातायात एडवाइजरी जारी की है, जिसमें गति एवं सुरक्षित ड्राइविंग, सड़क पर निर्धारित गति में ही वाहन चलाएं।

यातायात संकेतों को दृष्टिगत रखते हुए ब्लैक स्पॉट/दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतें। अपनी लेन में ही वाहन चलाएं (एक्सप्रेसवे पर भारी वाहन/कंटेनर अपने बाएं, हल्के मध्यम वाहन मध्य में व ओवरटेक करने वाले वाहन दाहिने से), राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी वाहन सदैव अपने बाईं लेन में ही चलाएं, ओवरटेक सदैव दाहिने से और सुरक्षित तरीके से करें, ओवरटेक करने से 100 मीटर पहले इंडिकेटर अवश्य दें, विपरीत दिशा में वाहन न चलाएं, ये स्वयं के साथ साथ अन्य वाहन चालकों के लिए भी खतरनाक है, नींद, थकान व नशे की हालत में वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन/इयरफोन का प्रयोग न करें, वाहन की लाइट लो बीम पर रखें, दृश्यता अत्यधिक कम होने की स्थित में लेन मार्किंग (सफेद पट्टी) के सहारे वाहन चलाएं, फाग लाइट और डीफागर का प्रयोग करें, कोहरे की स्थित में वाहन का म्यूजिक सिस्टम बंद रखें और मोबाइल न चलाएं ताकि अन्य वाहनों का हॉर्न सुनाई पड़े, दो पहिया वाहन चलाते समय ड्राइवर और राइडर अनिवार्य रूप से हेलमेट धारण करें, अन्य वाहन चालक अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाएं।




### वाहन से संबंधित सुरक्षा प्रावधान

मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाएं व सवारी वाहनों में माल न रखें। तीन पहिया/ऑटो/टेम्पो में केवल मानक संख्या (1+3/ 1+6) में ही सवारी बैठाएं। सभी वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप अवश्य लगाएं। कोहरे की स्थित में सुनिश्चित करें कि आपके वाहन की फाग लाइट ठीक हो। व्यायसायिक वाहनों में अग्निशामक यंत्र जरूर हों। वाहनों के ब्रेक/क्लच आदि की नियमित जांच कराते रहें। किसी भी आकस्मिक स्थित में 112 डायल करें।

### एम्ब्युलेंस को प्राथमिकता से दें रास्ता

यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने सभी वाहन चालकों से आह्वान किया है कि सड़क पर चल रहे एम्बुलेंस को प्राथमिकता देते हुए उसे तुरंत रास्ता दें, आपकी जागरूकता, आपकी संवेदनशीलता और आपकी त्वरित प्रतिक्रिया किसी के अनमोल जीवन की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## शहजाद पुल निर्माणाधीन है

# जिलाधिकारी ने डायर्वजन बनाने के लिए निर्देश दिए



**ललितपुर।** शहर की सड़क मुख्य सड़क आजादचौक-सागर मार्ग पर शहजाद नदी के निर्माणाधीन पुल पर सर्विस मार्ग न होने के कारण आमजन को आवागमन में हो रही परेशानियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित स्थानीय लोगों से समस्याओं को दूर कर अधिकारियों को रुट डायवर्जन के दिए निर्देश। जिलाधिकारी ने मौके पर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया और लोगों को भरोसा दिलाया कि उन्हें अब आवागमन हेतु परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर व यातायात प्रभारी को निर्देश दिये कि पुल के समीप स्थित दूसरे पुल को बाइक, ऑटो व टैक्सी के लिए उपयोग में लाया जाए, ताकि आमजन व स्कूली बच्चों को आवागमन में कोई परेशानी न हो, परन्तु 4 व्हीलर का रुट पूर्व निर्धारित ही रहेगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि यदि रास्ते में अतिक्रमण की स्थिति हो तो उसे तत्काल हटवाया जाए । जिलाधिकारी द्वारा कार्यस्थल पर उपस्थित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्य के दौरान यातायात की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए एवं अस्थायी मार्ग पर मोटर साईकिलों आदि वाहनों के आवागमन हेतु समुचित स्लोप आदि बनाया जाए।

### सेतु का निर्माण इसी माह प्रारंभ हुआ है

मौके पर कार्यदायी संस्था उप्र राज्य सेतु निगम लि के अधिकारियों ने अवगत कराया कि इस सेतु का निर्माण इसी माह प्रारंभ हुआ है, 96 मी लम्बाई वाले इस कार्य की स्वीकृत लागत 1101.67 लाख है, जिसका निर्माण जून 2027 में पूर्ण होने की संभावना है। वर्तमान में पूर्व निर्मित रपटे को तोड़ने का कार्य प्रगति में है। साथ ही निर्देशित किया गया कि कार्य को किसी भी परिस्थिति में लक्षित समय में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अंकुर श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, कार्यदायी संस्था उप्र राज्य सेतु निगम लि के उप परियोजना प्रबन्धक मृगेन्द्र सिंह चौहान एवं सहायक अभियन्ता बीएमएस कुमार उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय में गोष्ठी हुई

# किसानों को दी उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी



**ललितपुर।** कृषि विभाग के तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालय महेशपुरा परिसर में पंचायत स्तरीय गोष्ठी/किसान पाठशाला का सफल आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य रबी फसलों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने की दृष्टि से किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की सारगर्भित जानकारी देने के साथ ही गौ आधारित प्राकृतिक खेती हेतु प्रोत्साहित करना रहा। किसान पाठशाला के दौरान कृषि विभाग से तरूण जामकर (एडीओ) द्वारा किसानों को रबी फसलों के फसलवार प्रबंधन, संतुलित पोषण प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, हरी खाद, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। श्रुति मिश्रा द्वारा मृदा स्वास्थ्य सुधार, उन्नत कृषि संसाधनों के समुचित उपयोग, गौ आधारित प्राकृतिक खेती के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध करायी गई। वहीं फसल बीमा योजना के संबंध में विवेक मिश्रा द्वारा किसानों को आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आरबीआई, नाबार्ड, पीएनबी व आरोह फाउंडेशन से एफ.सी. सोहिब खान द्वारा किसानों को विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं एवं योजनाओं से अवगत कराया गया। प्रगतिशील कृषक रमेश राजपूत द्वारा चने की खेती में उकसा रोग के निदान संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

## साइबर क्राइम थाने की प्रशंसाक की

# पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी से हड़पी धनराशि वापस कराई



**ललितपुर।** एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी और एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक के कुशल नेतृत्व में साइबर थाना पुलिस ने साइबर अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत धोखाधड़ी से ऑनलाइन फ्रॉड हुयी धनराशि को वापस दिलाया।

गौरतलब है कि थाना बानपुर के ग्राम अमोराखेरा निवासी निधि पुत्री सिरनम सिंह ने 89 हजार 007 रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी होने की शिकायत दर्ज करायी थी। इस शिकायत को दर्ज कर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 318 (4) व आई.टी. एक्ट की धारा 66 सी व 66 डी के तहत शिकायत दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। एसपी के निर्देश पर साइबर थाना पुलिस ने उपलब्ध कराये गये स्टेटमेंट व अन्य प्रपत्रों का अवलोकन कर तकनीकि विश्लेषण कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेन्सियों, बैंकों, बॉलेट आदि से सम्पर्क कर उचित माध्यम से सम्बन्धित वित्तीय एजेन्सियों को मेल करके पीड़िता का पैसा होल्ड कराकर पीड़िता से फ्रॉड हुयी हुयी सम्पूर्ण धनराशि को नियमानुसार वापस कराने में महत्वपूर्ण सफलता हांसिल की है। साइबर क्राइम थाना पुलिस के इस कार्य को लेकर पीड़िता ने एसपी ललितपुर के कार्य की सराहना की। फ्रॉड हुयी धनराशि वापस दिलाने में साइबर क्राइम थाना से निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ शामिल रहे।

## संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा की

# चंद्रशेखर आजाद बलिदान दिवस कार्यक्रमों की रूपरेखा की तय



**महरौनी (ललितपुर)।** चन्द्रशेखर आजाद जनसेवा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय गढ़ी मंदिर प्रांगण कुम्हैढ़ी में समिति के वरिष्ठ सदस्य संतोष दीक्षित (सुट्टू भैय्या) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 27 फरवरी को अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इस दौरान समिति के विस्तार एवं संगठनात्मक मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति संस्थापक दिनेश विदुआ ने कहा कि वर्तमान में चल रही गतिविधियों को सुव्यवस्थित करते हुए सभी सदस्यों की आपसी मनोस्थिति को सकारात्मक दिशा में मोडऩा आवश्यक है, ताकि नए सृजन और एकजुटता के साथ आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाया जा सके। उन्होंने सभी सदस्यों से मतभेद भुलाकर संगठन को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया। दिनेश विदुआ के विचारों का समिति के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया और संगठन को एकजुट रखकर आगे बढऩे का संकल्प लिया। बैठक में समिति संस्थापक दिनेश विदुआ, संरक्षक संजय रावत, रामशरण दीक्षित, शिवचरण निरंजन, नारायण सिंह राजा, अध्यक्ष प्रमोद सीरौठिया, रामचरण चौरसिया, प्रकाश नारायण निरंजन, सीताराम कुशवाहा, संजय मिश्रा, मुकेश श्रीवास्तव, आशुतोष चौधरी, नाथूराम निरंजन, महेंद्र मिश्रा, रामभरत निरंजन, राजेंद्र रगोलया, राजू विरथरे, कमलेश नांगल, लखन कुशवाहा, प्रेमनारायण झा, मीडिया प्रभारी शैलेंद्र नायक एवं धर्मेंद्र सिंह सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठन की एकता और बलिदान दिवस कार्यक्रमों को ऐतिहासिक रूप देने के संकल्प के साथ हुआ।

# पूर्व पीएम भारत रत्न बाजपेयी के जन्म दिवस पर होंगी प्रतियोगिताएं

**ललितपुर।** मुख्य सचिव शासन लखनऊ के आदेश द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर 25 दिसम्बर 2015 को प्रदेश के समस्त जनपदों में कार्य का आयोजन किया जाना है।


यह जानकारी देते हुये जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने बताया कि कक्षा 8 से 12 के विद्यार्थियों के मध्य भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी एवं सुशासन विषय पर आधारित निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन, स्नातक एवं परास्नातक के विद्यार्थियों को भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी की उपलब्धियों से परिचित कराने के लिए सुशासन का महत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता, युवा विद्यार्थियों के मध्य उनके जीवन एवं उनकी प्रमुख कविताओं पर आधारित एकल काव्य पाठ का आयोजन, जिले में अवस्थापित विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में से किसी एक उपयुक्त स्थल का चयन कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा उन्होंने डीआईओएस व बीएस को अपने-अपने विद्यालयों में कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों के मध्य दिये गये विषय व शीर्षक पर 18 दिसम्बर को विद्यालय स्तर पर व विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की 19 दिसम्बर को ब्लाक स्तरीय प्रतियोगितायें करायेंगे। इसमें प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को जिला स्तरीय परीक्षा 22 दिसम्बर को रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य द्वारा आयोजित करायी जायेगी। वहीं महाविद्यालय स्तर पर निबंध, भाषण एवं एकल काव्य प्रतियोगिताएं 18 व 19 दिसम्बर को सम्बन्धित महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा करायी जायेगी, जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों की परीक्षा रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य द्वारा करायी जायेगी। भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस पर मुख्यमंत्री की उपस्थिति में कार्यक्रम होगा।



# जनपद में मनाया अल्पसंख्यक अधिकार दिवस

**ललितपुर।** मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम में डीडीओ, पीडी डीआरडीए, डीसी नरेगा, खण्ड विकास अधिकारी, बार, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी तथा कार्यक्रम मे उपस्थिति अन्य अतिथिगण सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे तथा अपने अधिकार के प्रति समस्त अधिकारियों के समस्त अपनी विचार प्रस्तुत किये। प्रभारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, नन्दलाल सिंह द्वारा बताया गया कि उत्तर प्रदेश में प्रतिवर्ष 18 दिसम्बर को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य अल्पसंख्यक वर्ग के वंचित लोगों को उनके सामाजिक एवं शैक्षिक अधिकारों को प्रदान किया जाना है। 18 दिसम्बर 1992 को संयुक्त राष्ट्र संघ ने धार्मिक भाषायी अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर अपने विचार व्यक्त किये थे और उसे प्रसारित करने का निर्णय लिया गया था। आज का अवसर अल्पसंख्यक समुदाए के लोगों को उनके संविधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना और सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं को अन्तिम व्यक्ति तक पहुचाना है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को अपने विभाग में संचालित की जाने वाली योजनाओं में परदर्शिता पूर्ण से समस्त वर्गो को लाभान्वित कराये जाने के निर्देश दिए।

# देहरादून में नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित हुईं ऋतु दुबे



**ललितपुर।** शहर के गणमान्य नागरिक दुबे परिवार के स्व.राधामोहन दुबे की सुपुत्री डा. ऋतु दुबे तिवारी को पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया, नालंदा इनिशिएटिव 2025 के लिए नेशनल अवॉर्ड मिला है। देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में यह अवॉर्ड उत्तराखंड के कैबिनेट मिनिस्टर सुबोध उनियाल द्वारा देहरादून में दिया गया। पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा छात्र कल्याण के उनके अनवरत प्रयासों के लिए यह पुरुस्कार डा. ऋतु को दिया गया है। राष्ट्रीय टेलीविजन एवं समाचार पत्रों तथा एकेडमिक क्षेत्र में सक्रिय डा. ऋतु वर्तमान में निस्कॉर्ट मीडिया कॉलेज गाजियाबाद में प्रिंसिपल के पद पर । हैं। ललितपुर के प्रबुद्ध लोगों ने डा. ऋतु की इस उपलब्धि पर बधाई दी।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा

# बढ़ती ठंड से विद्यालय समय परिवर्तन की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद ललितपुर के जिलाध्यक्ष एवं मांडलिक मंत्री विनोद निरंजन के नेतृत्व में जिले में पड़ रही भीषण ठंड, कोहरा एवं गलन को देखते हुए परिषदीय विद्यालयों के समय में परिवर्तन की मांग की गई है।

बीएसए रणवीर सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए जिलाध्यक्ष/मांडलिक मंत्री विनोद निरंजन ने बताया कि परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अधिकांश बच्चे ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आते हैं, जिनके पास ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त गर्म कपड़ों की व्यवस्था नहीं होती। ऐसे में वर्तमान समय सारिणी के अनुसार सुबह 8.30 बजे विद्यालय पहुंचना बच्चों के लिए कठिन हो रहा है,जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडऩे की आशंका है। संगठन ने बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए समय परिवर्तन की मांग की है, जिससे नौनिहालों के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जा सके। उन्होंने मांग की है कि एसआईआर के कार्य में लगे समस्त परिषदीय कार्मिकों ने अवकाश के दिनों में भी कार्य किया है। अवकाश के दिनों में किए गए कार्य के बदले में प्रतिकर अवकाश प्रदान किया जाए। 08 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाली सीटीईटी परीक्षा में आवेदन करने तथा परीक्षा में सम्मलित होने के लिये वर्ष 2010 के पूर्व से सेवारत शिक्षक,शिक्षिकाओं को सामूहिक विभागीय अनुमति दी जाए जिससे शिक्षक, शिक्षिकाएं सीटीईटी परीक्षा हेतु आवेदन कर सके। उन्होंने बताया कि विद्यालय अवधि के पश्चात संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बीएसए कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन प्रस्तुत किये।

इस दौरान बीएसए ने संघ की मांग पर तुरंत सीटीईटी में आवेदन एवं परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु सामूहिक अनुमति पत्र जारी किया और तीन प्रतिकर अवकाश पर सहमति जताते हुए शीघ्र ही पत्र जारी करने का आश्वासन संघठन को दिया तथा समय परिवर्तन को लेकर जिलाधिकारी से वार्ता कर शीघ्र ही कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस दौरान विनय ताम्रकार, अरुण निरंजन, सत्येंद्र जैन, अविनेश कुमार, रामेश्वर पाल, महेश सोनी, कल्यान पटेल, अमित जैन, सौरभ चौरसिया, लक्ष्मी नारायण, अश्वनी वर्मा, सुरेन्द्र कुमार मौजूद रहे।



## अध्यक्ष की आसंदी पर बैठने के अधिकार किसे असंमजस में जानकार

# परिषद की बैठक बुलाए जाने पर प्रशासन पशोपेश में, महाधिवक्ता से मांगा परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विगत 4 माह से नगर पालिका परिषद की बैठक आयोजित नहीं की गई है जिसके चलते शहर में विकास कार्यों को विराम सा लग गया है। विकास के मामलों पर पार्षद चर्चा नहीं कर पा रहे हैं इसकी चिंता करते हुए कुछ पार्षदों ने कलेक्टर अर्पित वर्मा को आवेदन देकर परिषद की बैठक बुलाने की मांग की है। इस आवेदन को लेकर प्रशासन इसलिए पशोपेश में पड़ गया है क्योंकि हाईकोर्ट के निर्देश पर नपा अध्यक्ष रेनू राठौर फिलहाल पावर लैस है और ऐसी स्थिति में उनसे परिषद की बैठक की अध्यक्षता कराई जाए या ना कराई जाए, अगर ना कराई जाए तो किससे कराई जाए? यह बात प्रशासन के भी समझ में नहीं आ रही है। इसी पहेली की गुत्थी सुलझाने के लिए कलेक्टर के निर्देश पर जिला शहरी अभिकरण अधिकारी विजय शाक्य ने सीएमओ आरआर यादव को पत्र लिखकर महाधिवक्ता (राज्य सरकार का कानूनी सलाहकार) को पत्र लिख कर परामर्श लेने के निर्देश दिए हैं।

हाईकोर्ट ग्वालियर की खंडपीठ में नपा अध्यक्ष रेनू राठौर से जुड़ा एक प्रकरण चल रहा है जिसमें गजट नोटिफिकेशन ना होने पर रेनू राठौर को अदालत ने पावर लेस करने के निर्देश दिए हुए है। इस निर्देश का पालना में नगर पालिका अध्यक्ष रेनू राठौर की परिषद में हैसियत सिर्फ पार्षद की रह गई है वह अध्यक्ष होने की हैसियत से कोई आर्डर किसी अधिकारी को ना ही किसी कर्मचारी को दे सकती हैं। ना ही चेक पर दस्तक कर सकती है न हीं ऑर्डर सीट पर अध्यक्ष की हैसियत से इबारत अंकित कर सकती हैं। हालांकि इस मामले में नगर पालिका अध्यक्ष ने कोर्ट में पुनः विचार के लिए आवेदन लगाया हुआ है जिसका सुनवाइ होना बाकी है लेकिन इस बीच पार्षदों ने परिषद की बैठक आहूत करने की मांग कलेक्टर से कर ली है। पार्षदों को परिषद की बैठक आयोजित कराने के अधिकार हैं और नगर पालिका अधिनियम के तहत हर तीन माह में बैठक आयोजित की जाना जरूरी भी है। 4 माह से बैठक नहीं हुई इस लिहाज से प्रशासन को भी पार्षदों के आवेदन करने पर परिषद की बैठक करना मजबूरी हो गया है लेकिन परिषद की बैठक किसकी अध्यक्षता में कराई जाए यह प्रशासन के भी समझ में नहीं आ रहा है क्योंकि इससे पहले ऐसा मामला उसके सामने आया भी नहीं है। अब प्रशासन ने इस संबंध में महाधिवक्ता से परामर्श मांगा है वह क्या परामर्श देते हैं उसके आधार पर ही बैठक आयोजित कराई जा सकेगी।




### क्या हो सकते हैं विकल्प

हालांकि नगर पालिका परिषद की बैठक आयोजित कराने के लिए अध्यक्षता किससे कराई जाए इस संबंध में महाधिवक्ता से परामर्श मांगा गया है लेकिन जानकारों की माने तो इस मामले में प्रशासन नोडल अधिकारी नियुक्त कर बैठक करा सकता है। जिसके लिए सबसे पात्र उम्मीदवार जिला शहरी अभिकरण अधिकारी विजय शाक्य अच्छे उम्मीदवार हो सकते हैं क्योंकि नगर पालिका उन्हीं के अंडर में आती है। इसके अलावा कलेक्टर एसडीएम या किसी अन्य डिप्टी कलेक्टर को नोडल बनाकर बैठक करा सकते हैं। हालांकि नगर पालिका में उपाध्यक्ष का चुनाव भी अध्यक्ष के साथ होता है और इसके लिए संजय महाना उपाध्यक्ष निर्वाचित भी हुए हैं लोग उनसे भी बैठक आयोजित कराए जाने की बातें कह रहे हैं लेकिन नपा अधिनियम के तहत नपाध्यक्ष को पावर है कि वह अपना प्रभार किसी भी पार्षद को देकर छुट्टी पर जा सकते हैं यानी उपाध्यक्ष अध्यक्ष की गैर मौजूदगी में प्रभार में रहे जरूरी नहीं है लेकिन ऐसी स्थिति में जब अध्यक्ष पावर विहीन है तो इसमें अध्यक्ष की सहमति की जरूरत नहीं है ऐसी स्थिति में उपाध्यक्ष भी बैठक की अध्यक्षता कर सकते हैं।

### उपाध्यक्ष को भी दिया बैठक बुलाने आवेदन



पार्षदों में नगर पालिका परिषद की बैठक बुलाने के लिए नपा उपाध्यक्ष संजय महाना को भी आवेदन दिया है। आवेदन सौंपते हुए पार्षद सलाउद्दीन ने उन्हें बताया कि हाई कोर्ट के निर्देश पर नपाध्यक्ष रेनू राठौर को अध्यक्ष पद के लिए पावरलेस घोषित किया जा चुका है इसके बाद निर्वाचित उपाध्यक्ष होने के नाते परिषद की बैठक संधारण के जिम्मेदारी आप पर आ जाती है। इसको ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही परिषद की बैठक बुलाई जाए ताकि रुके हुए विकास कार्य गति पकड़ सकें।

### इनका कहना है...

पार्षदों ने बैठक बुलाने के लिए पत्र लिखा है। कलेक्टर के निर्देश पर सीएमओ को महाधिवक्ता से बैठक की अध्यक्षता के संबंध में परामर्श लेने के निर्देश दिए हैं। महाधिवक्ता से जैसा परामर्श मिलेगा वैसे निर्देश की पालना कराते हुए बैठक आयोजित कराई जाएगी।

**विजय शाक्य**
**डिप्टी कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी डूडा श्योपुर**

बीते 4 माह से परिषद की बैठक आयोजित नहीं हो पा रही है। इसलिए शहर के विकास कार्य ठप पड़े हैं। कर्मचारियों को वेतन के लिए हड़ताल करनी पड़ रही है। साफ सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था खराब हो गई है। इस सब बातों पर विचार के लिए परिषद की बैठक बुलाने के लिए कलेक्टर को आवेदन देकर अनुरोध किया गया है।

**सलाउद्दीन भूरा**
**नेता प्रतिपक्ष नपा परिषद श्योपुर**

## ढोढर थाना क्षेत्र के बाढ़ई वाला सहराने में हुई घटना,जांच में जुटी पुलिस

# हाईवोल्टेज से कई घरों की जली डोरियां,दो भाई आए करंट की चपेट में, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



ढोढर थाना क्षेत्र के गांव टर्राखुर्द बाढई वाला सहराने में शुक्रवार की अल सुबह उस समय अचानक घरो में हाईबोल्टेज का करंट दौड गया, जब गांव की बिजली डीपी पर आ रही 11 केव्ही बिजली लाइन का तार टूटकर गांव में बिजली सप्लाई पहुंचाने वाली बिजली केबल पर गिर पडा। अचानक आए इस बोल्टेज से कई घरों में लगी बिजली की डोरियां जल गई और कई बिजली उपकरण फुंक गए। वहीं एक घर में दो सगे भाई भी इस करंट की चपेट में आ गए। नींद से जागे घर के लोगो ने जैसे तैसे करके दोनों भाईयों को करंट से छुडाया,मगर इस दौरान बडे भाई की मौत हो गई। इस हादसे की खबर मिलने पर मौके पर पहुंची ढोढर थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी और मृतक युवक का जिला अस्पताल में पीएम कराकर शव परिजनो के सुपुर्द कर दिया।

पुलिस के मुताबिक 11 केव्ही बिजली लाइन का तार टूटने की घटना शुक्रवार की अल सुबह 6 बजे तब घटित हुई,जब लोग तेज सर्दी होने की वजह से घरों के अंदर सो रहे थे। इसलिए कई घरों में बिजली की डोरियों के जलने और बिजली उपकरणो के फुंकने की घटना का तत्काल पता नहीं चल सका,लेकिन इसी दौरान रामफूल आदिवासी 35 वर्ष की नींद खुल गई और उसने कमरे का गेट खोलकर देखा तो वह करंट की चपेट में आ गया,क्योंकि गेट की बगल से निकली बिजली की डोरी जल जाने से हाईवोल्टेज वाला करंट लोहे के गेट में दौड रहा था। बगल के कमरे में सो रहे रामबल आदिवासी को इस घटना का पता चला तो उसने तत्काल रामफूल को पकडकर करंट से छुडाने का प्रयास किया,लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गया,बाद में उनके पिता ने लकडी के सहारे से दोनो भाईयों को करंट से छुडाया। इस दौरान अचैत होकर गिर पडे रामफूल आदिवासी को जब इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया तो उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ढोढर श्यामवीर सिंह तोमर ने बताया कि पीएम के बाद शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री के संकेत के बाद फैली फर्जी पत्रकारों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने तथाकथित फर्जी पत्रकारिता पर लगाम लगाने और पत्रकारिता के नाम पर ब्लैकमेलिंग रोकने के उद्देश्य से ऐसे यूट्यूबरों की निगरानी और दंडात्मक कार्रवाई करने के संकेत दिए हैं,जिनका पत्रकारिता से असल में दूर दूर तक कोई लेना देना ही नहीं है।

उल्लेखनीय है कि जिले में संचालित की जा रही शासन की जनकल्याणकारी रोजगारन्मुखी एवं हितग्राही लाभ संबंधी योजनाओ के संचालन में कार्यरत शासन के अमले द्वारा किए गए कार्यो पर निगरानी के लिए तैनात जिलाधिकारी तो अपने कार्य को अंजाम दे ही रहे है, लेकिन इन्ही कार्यो में बरती जा रही अमले के द्वारा लापरवाही को जिला प्रशासन के आला अधिकारियों तक पहुंचाने और संबंधित को दंडित कराने की धमकी भी तथाकथित लोगों के द्वारा दिए जाने के मामले भी प्रशासन के समक्ष लगातार पहुंच रहे है। कुछ सही और कुछ तथाकथितों के मनचाहे अनाधिकृत लाभ की पूर्ति न हो पाने के चलते झूठे मामलों की शिकायत प्रशासन और शासन के सम्मुख बडी चुनौती का रूप ले चुकी है,इसी के चलते पिछले कुछ माह में प्रदेश सरकार के आला अधिकारियों ने झूठी सीएम हेल्पलाइन पाए जाने पर संबंधित को दंडित करने और अब तथाकथित फर्जी पत्रकारों के द्वारा स्वयं के लाभ की पूर्ति न हो पाने के चलते शासन प्रशासन की छबि खराब करने की बढ रही तादात से निपटने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी जिला स्तर के आला अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री के इस फरमान के बाद ईमानदारी से पत्रकारिता के कार्य को अंजाम देकर शासन और प्रशासन के बीच में सेतु का कार्य कर रहे है ऐसे पत्रकारों को राहत तथा पत्रकारिता के नाम पर लोगों को अपने स्वार्थ के लिए परेशान करने वाले तथाकथित लोगो के जहन में बैचेनी पैदा हो गई है।

# सरकारी कॉलेजों में सिर्फ पढ़ाई ही नहीं रोजगार सृजन करना भी सिखाया जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सरकारी कॉलेजों में सिर्फ़ पढ़ाई ही नहीं रोज़गार सृजन करना भी सिखाया जाता है। ताकि विद्यार्थी जब कॉलेज छोड़े तो वह रोजगार मांगने वाले नहीं अपितु देने वाले बनकर निकलें। यह बात कॉलेज चलें अभियान के तहत श्री हजारेश्वर स्कूल पहुंचे गर्ल्स कॉलेज के प्रोफेसरों ने विद्यार्थियों को समझाइश देते हुए बताई।

शैक्षणिक सत्र : 2026- 27 के लिए ₹कॉलेज चलो अभियान₹ के तहत₹ शास. श्री हजारेश्वर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, श्योपुर में भ्रमण करने पहुंची टीम ने छात्र-छात्राओं से संवाद किया और उन्हें इस अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया तथा कार्यक्रम नोडल अधिकारी ने विद्यार्थियों को इस हेतु ऑनलाइन प्रवेश एवं एनईपी 2020 के अन्तर्गत विषय चयन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। टीम संयोजक एवं समस्त सदस्यों ने शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय में विभाग द्वारा संचालित 2 विशेष विषयों 'भू-गर्भ शास्त्र व सांख्यिकी' के साथ-साथ सभी पाठ्यक्रमों, शासन की विभिन्न योजनाओं, अन्य पाठ्य-सहगामी गतिविधियों, कौशल व व्यक्तित्व विकास सम्बन्धी कार्यक्रमों, प्रतियोगी परीक्षाओं व जॉब सम्बन्धी मार्गदर्शन के लिए संचालित स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ, एनएसएस इकाई व महाविद्यालय में उपलब्ध महत्वपूर्ण संसाधनों व अन्य जानकारी से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। अभियान रूपी इस कार्यक्रम के अन्त में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन एवं जॉब सम्बन्धी पूछे गए प्रश्नों के जवाब देकर सम्पूर्ण टीम ने उनकी जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। अभियान के दल में डॉ. ललिता सिकरवार, वेदांकी खण्डेलवाल, अनिल कुमार तोमर, डॉ. योगेश कुमार बाथम एवम् डॉ. महेश कुमार कुशवाह शामिल रहे।



# घर में घुसकर महिला से की गाली गलौज और धक्का मुक्की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर की गुलमोहर कॉलोनी में एक महिला ने नामजद लोगों पर उसके साथ घर में घुसकर गाली गलौज और धक्का मुक्की करने का आरोप लगाया है और इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने के लिए कोतवाली थाने में आवेदन दिया है। नामजद दोनों युवक महिला के रिश्ते में भतीजे लगते है।

श्योपुर शहर की गुलमोहर कॉलोनी निवासी इंद्रोदेवी पत्नी रामनरेश मीणा ने कोतवाली थाने में दिए आवेदन में बताया है कि मेरे भतीजे मनोज मीणा ने गुरूवार की रात को मेरे मोबाइल पर फोन लगाकर गाली गलौच करते हुए मुझे मारने पीटने की धमकी दी है। इसके बाद शुक्रवार की सुबह साढे नौ बजे के आसपास मेरे भतीजे मनोज मीणा और बाबूलाल मीणा उस समय मेरे घर पर आ गए,जब मेरे पति बाजार गए हुए थे। घर में अंदर दाखिल हुए मनोज और बाबूलाल के द्वारा दो लाख रूपए देने की मांग करते हुए मेरे साथ गाली गलौच और धक्की मुक्की कर दी। आसपास के लोगो के एकत्रित हो जाने पर ये दोनो भाग निकले। महिला ने इन दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

इस संबंध में कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान का कहना है कि इस तरह का आवेदन मिला है,जिसकी जांच करवाई जा रही है।

# पांच हजार के फरार इनामी आरोपी को कराहल थाना पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल थाना पुलिस ने फरार बने पांच हजार के इनामी आरोपी को दबोचने में सफलता हांसिल की है। कराहल टीआई यास्मीन खान ने बताया कि भूरा उर्फ प्रदीप सिकरवार पुत्र ओमप्रकाश सिकरवार निवासी तोर तिलावली थाना देवगढ जिला मुरैना तथा लाला उर्फ शैलेन्द्र पुत्र जगमोहन यादव निवासी दुल्हनी थाना सुमावली जिला मुरैना के खिलाफ 24 फरवरी 2024 को उदय सिंह पुत्र रामसिंह सिसोदिया निवासी पनवाडा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी कि इनके द्वारा फरियादी समेत अन्य कई लोगों के जो ट्रैक्टर अनुबंध करके काम पर लगाए थे,उन सभी ट्रैक्टरो को ये लोग वापस करने बजाए अपने साथ ले गए थे। एफआईआर दर्ज होने के बाद एसपी श्योपुर द्वारा फरार बने दोनों आरोपियों पर पांच पांच हजार का इनाम घोषित किया गया। इसके बाद कराहल पुलिस ने दबिश देकर एक आरोपी लाला ऊर्फ शैलेन्द्र पुत्र जगमोहन यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### इधर बड़ौदा पुलिस ने भी धरा पांच हजार का इनामी

बडौदा थाना पुलिस ने भी फरार बने पांच हजार के इनामी आरोपी सोहेल उर्फ शोहिल मीणा को दबोचने में सफलता प्राप्त की है। बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि सोहल उर्फ सोहित मीणा ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक ट्रोली चुराई थी। बाद में घटना में संलिप्त आरोपी कुशल गुर्जर, रोहित पारेता, चेतन योगी, आकाश गुर्जर को गिरफ्तार किया गया,जिनके कब्जे से चोरी ट्रोली एवं घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। इस मामले में फरार चल रहे आरोपी सोहेल उर्फ शोहिल मीणा पुत्र रामविलास मीणा निवासी ग्राम पीपल्दा थाना किशनगंज जिला बारां को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर गिरफतार किया और न्यायालय में पेश कर दिया।

## मोहन सरकार के दो साल के कार्यकाल को गिनाने पहुंचे प्रभारी मंत्री ने ली कांग्रेस पर चुटकी

# कांग्रेस हर काम में विरोध और भाजपा विकास करने में रच रही है कीर्तिमानः शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले और प्रदेश में नहीं पूरे देश में कांग्रेस विरोध में और भाजपा सरकार विकास करने में नए कीर्तिमान रच रही है। मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों का कांग्रेसियों के पास विरोध करने के अलावा ओर कोई काम बचा भी नहीं है। यह बात जिले के प्रभारी मंत्री एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए कही। प्रभारी मंत्री डॉ मोहन यादव सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर जिले को दी गई सौगात गिनाने पहुंचे थे।

सीएम डॉ मोहन यादव की सरकार के 2 साल पूरे होने पर प्रदेश और जिले में उपलब्धि गिनाने के दौरान पत्रकारों ने प्रभारी मंत्री से बे मौसम बारिश से फसल बर्बादी के बाद उनके द्वारा श्योपुर में नहीं आने का प्रश्न भी पूछ लिया। इस प्रश्न पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि उन्हें किसानों की चिंता थी इस उद्देश्य से उन्होंने सर्वे करवाकर रिपोर्ट मंगवा ली थी और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से प्रतिनिधि मंडल के साथ मिले थे और मुख्यमंत्री से 100 करोड रुपए से भी अधिक की राशि किसानों के मुआवजा के लिए स्वीकृत भी कराई थी। उन्होंने विधायक बाबू जंडेल ओर कांग्रेस पर चुटकी लेते हुए कहा कि उन्हें सिर्फ़ हर अच्छे काम का विरोध करना, धरना देना भूख हड़ताल करना ही आता है अगर वह किसानों के हितेषी होते तो भोपाल आकर किसानों की पीड़ा सरकार को सुनाकर उन्हें राहत पहुंचाने का काम करते लेकिन उन्हें तो किसानों के नाम पर भी सिर्फ राजनीतिक रोटियां ही सेकनी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को किसानों की चिंता है वह किसानों के दुख दर्द को समझती है इस मामले में राजनीतिक किए बगैर किसान की आमदनी दुगनी कैसे हो इस विषय पर केंद्र की मोदी सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है, और उसके सकारात्मक परिणाम धरातल पर देखने को मिल भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने श्योपुर के बड़ौदा में पहुंचकर किसानों के खातों में मुआवजा राशि डाल कर बता दिया कि वह सच्चे किसान हितेषी हैं। इस दौरान उन्होंने जिले को मिली सौगातें भी गिनाई और आगामी कार्य योजना बताते हुए कहा कि लोग विकास के साथ स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बने इस दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। इस दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




### सरकारी भवन जुड़ेंगे सोलर ऊर्जा से

जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिले के सभी शासकीय भवनों को एक वर्ष के भीतर सोलर ऊर्जा से जोडने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में सोलर ऊर्जा के उपयोग को बढावा देने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिले में औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए समिति बनाकर कार्य किये जायेंगे। इस अवसर पर समिति सदस्यों द्वारा जिले के विकास हेतु दीर्घकालीन योजनाओं के संबंध में अपने सुझाव प्रस्तुत किये गये।

### जिले को मिली सौगातें गिनाई

प्रभारी मंत्री ने जिले को मिली सौगातें गिनाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार के दो साल काफी उपलब्धियों भरे रहें है।आर्थिक रूप से पिछडे लोगों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को कल्याणकारी योजनाओ के माध्यम से सशक्त बनाने के प्रयास किये गये है। श्योपुर जिले को स्वास्थ्य के क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज के संचालन की बड़ी सौगात दी है। विजयपुर में 24 करोड की लागत से 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल बनाया जा रहा है। 10 करोड की लागत से ढोढर में 30 बिस्तरीय अस्पताल बनाया जा रहा है। श्योपुर मे 14.8 करोड की लागत के नवीन नर्सिंग कॉलेज के लिए शिलान्यास हो चुका है। 14.95 करोड़ की लागत के 50 बिस्तरीय आयुष चिकित्सालय निर्माण के लिए शिलान्यास किया जा चुका है। चीता प्रोजेक्ट अपनी सफलता की और आगे बढ़ रहा है। रेलवे प्रोजेक्ट भी पूर्ण होने की स्थिति में है।एनएच-552 मार्ग को गत वर्ष स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसे तेजी से पूरा करते हुए राजस्थान के पाली से श्योपुर-गोरस तक का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। श्योपुर-गोरस तक 483.21 करोड, गोरस से श्यामपुर तक 416.96 करोड तथा श्यामपुर से सबलगढ तक 1079 करोड रूपये की मजूरी दी गई है। 322 करोड रूपये की लागत से गोरस से शिवपुरी तक 84 किलोमीटर लम्बाई की सडक का कार्य भी शुरू हो गया है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा बडौदा के बत्तीसा क्षेत्र को राजस्थान से कनेक्ट करने के लिए 64 करोड रूपये लागत से बनने वाले पुल को द्वितीय अनुपूरक बजट में शामिल किया गया है। श्योपुर- खातौली, बडौदा में अहेली नदी पर पुल का निर्माण पूरा हो गया है। मानपुर और नागदा में पुल निर्माण कार्य जारी है।

## कांग्रेसियों ने लगाया आरोप,सोशल मीडिया पर वीडियो किया वायरल

# सामरसा आरटीओ बैरियर पर चल रहा वाहनों से अवैध वसूली का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



श्योपुर सवाईमाधोपुर नेशनल हाईवे पर सामरसा गांव के नजदीक बने आरटीओ बैरियर पर मौजूद स्टाफ के द्वारा रात्रि के दौरान वाहनों से अवैध वसूली किए जाने का खेल चल रहा है। यह आरोप युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा,किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जसवंत बछेरी, ब्लॉक अध्यक्ष राममिलन रावत सहित अन्य कई कांग्रेसियों ने लगाते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल किया है और शासन प्रशासन से कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता जताई है। उक्त कांग्रेसी नेताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि यह लूटखसौट के संरक्षण में की जा रही है। जिसका शिकार इस हाईवे से गुजरने वाले वाहनों के चालक हो रहे है। कांग्रेसियों का कहना है कि गत रात्रि को जब हम जयपुर से श्योपुर लौट रहे थे,तभी आरटीओ बैरियर पर मौजूद स्टाफ रात्रि के दौरान हाईवे किनारे आरटीओ नेम प्लेट लगी गाडी खडी करके वाहनों से चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली कर रहे थे। हमने इस कार्रवाई का विरोध करते हुए गाडी को मौके से हटवाया है।

### दो पटवारी निलंबित

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा गत दिनों कराहल तहसील के निरीक्षण के दौरान तहसील कराहल में प्रचलित एक प्रकरण में रिपोर्ट लंबित रखने पर दिये गये निलंबन के निर्देशो के क्रम में एसडीएम बीएस श्रीवास्तव द्वारा सेसईपुरा पटवारी भगवती प्रसाद शर्मा को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय तहसील कार्यालय कराहल निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही एसडीएम द्वारा ग्राम मोरावन के ग्रामीणों द्वारा धान फसल मुआवजे को लेकर की गई शिकायत के दृष्टिगत मोरावन के पटवारी दीवान सिंह बाजौरिया के निलंबन की कार्यवाही भी की गई है। निलंबन अवधि में बाजौरिया का मुख्यालय तहसील कार्यालय कराहल निर्धारित किया गया है।

# प्रभारीमंत्री का स्वागत किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर दौरे पर आए जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला का शुक्रवार को सोईकलां कस्बे से गुजरने के दौरान यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। बस स्टैंड पर आयोजित इस स्वागत समारोह में प्रभारी मंत्री के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण का भी स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित शर्मा, डॉ लाखन शर्मा, सुरेश यादव, मनोज पचौरी, आकाश रावत, गणेश वैष्णव, राजन मीणा आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### सोनू रघुवंशी बने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष



**शाढ़ौरा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन को नई मजबूती और सक्रियता देने के उद्देश्य से प्रदेश भर में ब्लॉक स्तर पर नई नियुक्तियां की हैं। कार्यकाल पूरा होने के बाद जमीनी कार्यकर्ताओं को अवसर देते हुए शाढ़ौरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी ग्राम कुन्दौरा के निवासी सोनू रघुवंशी को सौंपी गई है।

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पलकाटोरी निवासी दलबाग सिंह सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सतनाम सिंह, रपेज सिंह, मंगा सिंह, तरसेम सिंह ने दूध डेयरी पर दूध के पैसे लेनदेन पर से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से गुरमेज सिंह सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दिलबाग, राहुल यादव और कन्हैया यादव ने दूध डेयर पर दूध को लेकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सलमाई निवासी अजयपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रघुवीर सिंह और संजय यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### बाईक को साइड देते समय युवक घायल

**अशोकनगर।** बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम अथाईखेडा निवासी आदित्य पुत्र मुकेश ओझा उम्र 20 वर्ष को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां उपचार करा रहे घायल और उसके परिजनों ने बताया कि युवक बालाजी मेडिकल अशोकनगर में काम करता है और वह बाईक से अशोकनगर आ रहा था। तथा मलावनी रोड के पास अज्ञात होण्डा साईन बाईक के चालक ने उसकी बाईक पर कट मारा बाईक को बचाते समय वह फिसल गया और वह नीचे गिर गया जिससे उसे चोटे आईं है। घायल का उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

## खजाने को समेटने की जरूरत, तूमैन में पुरातत्वीय संपदा का भंडार

# महल में प्रतिमाएं व शिलालेख मौजूद

**मनोज जैन ⏭ अशोकनगर**

इतिहास को अपने आंचल में समेटे तूमैन नगरी पुरातत्व महत्व के अद्भुत खजाने को लेकर अपने सीने पर फैलाए बैठी है। लेकिन दुर्भाग्य बस इस खजाने की उचित साज सवार नहीं होने से धीरे-धीरे यह अपना अस्तित्व खोती जा रही है। तूमैन के गर्भ से निकले कई प्राचीन अवशेष यहां ग्रामीणों के घरों की शोभा बढ़ा रहे हैं। समय रहते हैं इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो यह अंचल इतिहास की एक और धूल भरी चादर अपने ऊपर ओढ़ लेगा।

अशोकनगर जिला मुख्यालय से 9 किलोमीटर दूर बसे ग्राम तूमैन में पुरातत्व का अद्भुत खजाना बिखरा पड़ा है जगह-जगह हुई खुदाई के बाद निकला महल और दीवारें इस बात की कहानी कह रहे हैं कि पुरातत्व नगरी वर्तमान में बसे तूमैन के नीचे दबी पड़ी है। सागर विश्वविद्यालय के पुरातत्व विभाग के एक दल ने वर्ष 1972 में जब अशोकनगर के एसडीएम लक्ष्मीनारायण शर्मा थे और गुना के कलेक्टर वीपी सिंह थे तब शासन की अनुमति से यहां खुदाई की गई थी। इस खुदाई में जैन और हिन्दु शिल्प की कईं प्रतिमाएं मिली थीं। यह प्रतिमाएं और कईं पुरातत्वीय सामग्री आज भी ग्वालियर के गूजरी महल और सागर विश्व विद्यालय में सुरक्षित रखी हुईं हैं।

यहां से प्राप्त शिलालेख और प्रतिमाएं तूमैन की प्राचीनता के प्रमाण हैं। लेकिन यह दुर्भाग्य है कि इस स्थान का कोई खैर खवाह नहीं होने के कारण यहां की प्रचुर मात्रा में पूरी संपदा वक्त के थपेड़ों में खोती जा रही है। यहां की खुदाई के बाद जो सामग्री मिली है उसके अनुसार सांची के महान स्तूप के निर्माण में योगदान मिलता है गुप्त सम्राट कुमार गुप्त के प्रथम के समय का एक शिलालेख तूमैन में मिला है जो अब ग्वालियर के संग्रहालय में है। इस पर गुप्त सवंत 435 अंकित है। इसमें तुम्बवन का वर्णन है और लिखा है कि कुमार गुप्त प्रथम के शासन काल में तुम्बवन क्षेत्र का शासक घटोत्कच था, यह कुमार गुप्ता का छोटा भाई अथवा पुत्र था जो पूर्वी मालवा पर गुप्त सम्राट की ओर से प्रशासक नियुक्त था। इस तरह का वर्णन पुरातत्व विभाग के छात्रों द्वारा यहां पर की गई खुदाई कें बाद जो पुस्तक प्रकाशित की गई थी उसमें उल्लेख किया गया है।





सोवियत रूस के सेंट पीटर्सबर्ग संग्रहालय में सोने का एक ऐसा सिक्का मिला है जिस पर घटो लेख लिखा है। यह सिक्का गुप्त सम्राटों के सिक्कों जैसा है। इस सिक्के के अग्रभाग पर धनुष वाण धारी राजा खड़ा है गुप्त वंश का राज्य चिन्ह गरुड़ ध्वज भी उस पर अंकित है। राजा के बाएं हाथ के नीचे गुप्तकालीन ब्रम्हामी लिपि में घटो लिखा है। इस सिक्के के पृष्ठ भाग पर कमलासन पर देवी लक्ष्मी बैठीं हैं। यह सिक्का विद्वानों द्वारा घटोत्कच गुप्त काल का माना गया है। जिसका नाम तूमैन से प्राप्त अभिलेख पर अंकित है। इसके अतिरिक्त बिहार की नगरी वैशाली से मिट्टी की पक्की मुहर पर भी घटोत्कच गुप्त का नाम लिखा है। तूमैन में गुप्तकालीन मंदिर का प्रवेश द्वार सुरक्षित है इस द्वार पर विभिन्न कलाकृतियां अंकित है तत्कालीन राजाओं का महल भी इसी जमीन के अंदर दवा पड़ा है। जिसके अवशेष किसी भी जगह से खुलेआम देखे जा सकते हैं यह तत्कालीन राजाओं का पूजा स्थल भी रहा है। यह स्थान मोर्य शासन के पश्चात तूमैन का क्षेत्र सात वाहनों के अधिकार में था तथा उनके पश्चात नागवंश के शासन में रहा, नागों के पश्चात यहां के राजवंश गुप्त वंश तथ गुर्जर प्रतिहार वंश थे। यहां 12वी सदी तक बहु संख्यक मंदिरों और मूर्तियों का निर्माण हुआ। तूमैन में जब सागर विश्व विद्यालय के छात्रों का दल आया था उस समय छात्रों के साथ विभागाध्यक्ष प्रोफेसर कृष्णदत्त वाजपेयी और विभागीय अध्यापकों में डॉ. श्यामकुमार पाण्डेय और विवेकदत्त झा शामिल थे। यहां तीन वर्षों में 8 स्थानों का उत्खनन कराया गया था। इस दौरा एक खदान मोर्य युगीन स्तूप की आंशिक सफाई के लिए लगाई गई। तूमैन गांव के भीतरी भागों में कईं स्थानों की सफाई कराई गयी जहां कईं पाषाण प्रतिमाएं मिलीं। यहां द्वितीय और तृतीय काल की भी प्रतिमाएं मिली हैं। यहां विंध्यवासिनी माता का मंदिर भी दर्शनीय है।

तूमैन में प्राचीन भवनों के निर्माण की दृष्टि से यह काल सर्वाधिक महत्वपूर्ण रहा। यहां कईं जैन तीर्थंकरों की प्रतिमा और हिन्दु शिल्प की प्रतिमाएं मिली हैं। यहां पंचम से लेकर प्रथम काल के अवशेष खदानों में पाए गए हैं। तूमैन में 3 बौद्ध स्तूपों के अवशेष पाए गए हैं। इस दल को एक स्तूप 12 मीटर ऊंचा और 63 मीटर व्यास का मिला है जो मौर्य युगीन है शेष दो स्तूप उसके बाद के हैं। तूमैन का पुराना नाम तुम्बवन था जो अपभ्रषित होते हाते तूमैन हो गया है कहा जाता है कि तुम्बवन नगरी आज की तूमैन के नीचे दबी हुई है। अशोकनगर के कलेक्टर रहे मुकेश चन्द गुप्ता ने तूमैन का भ्रमण करने के बाद माना था कि यह पुरातत्व विभाग के हिसाब से यह बहुत रिच साइड है। उन्होंने पुरातत्व विभाग के अधिकारियों को भी अवगत कराया था किन्तु यहां कोई पुरातत्व विभाग से कोई दल नहीं आया। तब तत्कालीन कलेक्टर मुकेश चंद गुप्ता ने यहां वहां लावारिस पड़ी प्रतिमाओं को एकत्रित कर तूमैन की माता के भवन में साइड से रखवाया था ताकि यह प्रतिमाएं खराब न हो सके।

### जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की मनोहारी प्रतिमा

आज भी यहां बड़े-बड़े शिवलिंग और विभिन्न देवी देवताओं की मूर्तियां इस स्थान पर हैं। जहां गांव के लोग आज भी पूजा करते हैं उनके घरों के अंदर इस तरह के अंदर इस अनेक अभिलेख से से दूसरी सदी से 12वीं सदी तक के अनेक मंदिरों और बहुजन की मूर्तियां मिलने का प्रमाण मिला है। आठवीं सदी से मुगल काल तक यहां जैन मंदिरों और जैन प्रतिमाओं का निर्माण हुआ तूमैन से प्राप्त सबसे प्राचीन प्रतिमाओं में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की मूर्ति भी है जिसे गांव के लोग बैठा देव के नाम से जानते हैं। यह प्रतिमा अत्यंत मनोहारी है यहां कोई जैन समाज का परिवार नहीं होने से अशोकनगर के जैन परिवारों द्वारा इस प्रतिमा को धूप और वर्षा से बचाने के लिए मंदिर का रूप दिया गया है।

### इस प्राचीन नगर की पौराणिकता को बचाने की जरूरत

इस प्राचीन नगरी की पौराणिकता और ऐतिहासिकता को देखते हुए यह नगरी अभी तक राष्ट्रीय और प्रांतीय मानचित्र पर अंकित नहीं हो सक है। इस नगरी को देखने का सपना संजोय बड़ी संख्या में सैलानी आते हैं किंतु पर्याप्त जानकारी के अभाव में श्री आनंदपुर चंदेरी,कदवाया, थूवोनजी आदि स्थानों के दर्शन कर लौट जाते हैं। इस दुर्लभ नगरी के स्मृति चिन्हों को सुरक्षित रखने की दिशा में न केवल भारत सरकार के पुरातत्व विभाग को ध्यान दिया जाना चाहिए ताकि तूमैन का इतिहास सामने आ सके।

### भगवान बलराम की मूर्ति भी अत्यंत दर्शनीय

इसी प्रकार एक बलराम की मूर्ति है जिसका समय ईस्वी प्रथम सती है जिसमें हल मुसल धारी बलराम प्रदर्शित हैं। हल के ऊपर लागूंल बना हुआ है जो बलराम का विशेष प्रतीक है। बलराम की इस प्रतिमा की वेश भूषा मथुरा की कुषाण कालीन प्रतिमाओं से बहुत मिलती जुलती है। यहां पत्थर की दीवार मंडल को गुप्तकालीन स्तंभ 34 साड़ी का सिलावट जैन तीर्थंकर भगवान पारसनाथ की 650 ईसवी पूर्व की ध्यान मुद्रा प्रतिमा प्रतिमाएं हैं। तूमैन गांव का भ्रमण करने के बाद मूर्तियों को देखा गया है। यहां शिवलिंग और जैन दर्शन की अनगिनत मूर्तियां है जैन दर्शन के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की 8 फीट ऊंची और 4 फीट चैड़ी प्रतिमा पहले आकाश के नीचे क्षेत्र में रहती बाद में इस मूर्ति को मंदिर का आकार दिया गया है यह मूर्ति एक पत्थर के तख्त पर विराजमान है। यह तख्त जमीन के अंदर 8 से 10 फुट की गहराई तक गया है इसके पास में और भी जैन तीर्थंकरों की मूर्तियां है यह 8 फीट ऊंची है प्रतिमा इस गांव में बैठा देव के नाम से प्रसिद्ध है। तूमैन के बारे में कोई शिलालेख अथवा ऐतिहासिक प्रमाण नहीं है किंतु समय-समय पर हुई खुदाई और शोध के बाद इस नगरी का नाम प्राचीन साहित्य और अभिलेखों में दिखाई पड़ता है। यहां मौर्य काल के मौर्य युगीन स्तूपों की विद्यमानता के कारण यह प्राचीन नगरी तुम्बवन के रूप में प्रसिद्ध हुई।

### भौंरा गांव से एक गुफा भी दियाधरी तक जाती है

बुद्ध घोष नामक बौद्ध लेखक के अनुसार यह नगर गोंडा नगर के जैसे यमुना की ओर जाने वाले मार्ग पर था बड़ा महल ने अपने प्रसिद्ध ग्रंथ वृद्धि संहिता में इस नगर का उल्लेख किया है। जैन किवदंतियो के अनुसार तुम्बवन को बज्र स्वामी का जन्म स्थान कहा जाता है। मौर्य वंश के सम्राट अशोक के समय से यहां निर्माण कार्य आरंभ हुआ जो गुप्त काल से लेकर मुगल काल तक जारी रहा। कहा जाता है कि यह नगरी तूमैन के शासक तुंगध्वज के नाम से जानी जाती थी बाद में उनके पुत्र मोरध्वज हुए। इसी इलाके में ग्राम भौंरा के समीप बरगद के पेड़ों के झुण्ड हैं जिसे अक्षय वट और नीलगिरी भी कहा जाता है। इस जगह से एक गुफा भी निकली है जो दियाधरी तक जाती है।

## 21 को किया जाएगा पेंशनर्स एकता दिवस का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना**

रेलवे पेंशनर्स समाज द्वारा 21 दिसंबर को पेंशनर्स एकता दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर 70 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनधारी कर्मचारियों का सम्मान किया जाएगा। यह कार्यक्रम समाज में वरिष्ठ नागरिकों के योगदान को सम्मान देने तथा आपसी एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत पेंशनधारकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाएगा। इसमें न्यूट्रिशन कम्युनिटी द्वारा बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) की जांच की जाएगी तथा स्वस्थ खान-पान और जीवनशैली से संबंधित उपयोगी जानकारी दी जाएगी। यह स्वास्थ्य जांच पूरी तरह निःशुल्क होगी। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से शुरू होगा एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम 11 बजे से 2 बजे तक चलेगा।

कार्यालय सचिव आरके जैन ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे बिना दवाइयों के सही खान-पान और जीवनशैली अपनाकर स्वस्थ जीवन जी सकें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक निर्मला सप्रे, विशिष्ट अतिथि गौरव सिरोठिया पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, लता सकवार अध्यक्ष नगर पालिका, राजेंद्र उपाध्याय मंडल अध्यक्ष भाजपा, मयंक जैन सहायक मंडल अभियंता, गौरी शंकर राय पार्षद मौजूद रहेंगे। पेंशनर्स समाज कमेटी द्वारा सभी पेंशनधारकों एवं उनके परिजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### कुएं से पानी लेने पर युवक पर चाचा और भाई ने हमला किया

**अशोकनगर।** देहात थाने के अंतर्गत ग्राम सलमाई निवासी अजयपाल पुत्र मोबतसिंह यादव को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां उपचार करा रहे अजयपाल ने बताया कि वह 4 भाई हैं और खेती सिंचाई के लिए मात्र एक कुआ है इसी कुए से चारों भाई पानी देते है उसमें से तीनों भाईयो ने अपने अपने खेतों में पानी दे लिया गया। जब मैं कुए पर अपने हिस्से का पानी खेत में देने गया तभी चाचा रघुवीर सिंह यादव और उनका पुत्र संजय यादव ने लगभग शाम 5 बजे वहां कुए पर आकर पानी देने रोकने लगे और मुझ पर लाठियों से हमला कर दिया जिससे मुझे चोटे आई है।

## माफिया के कब्जे से महकमे ने मुक्त कराई 300 बीघा वनभूमि



**करैरा।** वन विभाग द्वारा वन भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भू-माफियाओं के विरूद्ध एक बड़ी और निर्णायक कार्यवाही की गई। इस संयुक्त अभियान में सामान्य वनमण्डल शिवपुरी के अन्तर्गत वन परिक्षेत्र करैरा की सबरेंज अमोला-उत्तर की बीट बांसगढ़ के कक्ष क्रमांक आर.एफ.444 एवं आर.एफ.445 में (बरुआ नाला) अतिक्रमणकर्ता सूवेलाल ठाकुर, चतुर ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, चन्दू ठाकुर, भाव सिंह, राजेन्द्र सिंह गुर्जर निवासी सिलानगर, रामा कुशवाहा निवासी बांसगढ़, बृजभान ठाकुर, बल्लू निवासी सोन्हर, जगदीश सिंह ठाकुर निवासी आमोलपठा एवं इनके अन्य साथीगण द्वारा 300 बीघा वनभूमि पर अतिक्रमण कर, कब्जा किए हुए थे। वर्तमान में उक्त अतिक्रमित वन भूमि पर अतिक्रमणकारियों द्वारा खेती की जा रही थी, जिसके संबंध में शिकायतें वन विभाग को निरंतर प्राप्त हो रहीं थीं। उक्त अतिक्रमण को संज्ञान में लेते हुए अतिक्रमण निरोधी मुहिम के तहत विधिवत वैधानिक कार्यवाही कर, अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध बेदखली आदेश जारी किए गए। मुक्त कराने की कार्यवाही सुधांशु यादव वनमण्डलाधिकारी शिवपुरी के निर्देशन में तथा आदित्य शांडिल्य उप वनमण्डलाधिकारी करैरा के नेतृत्व में की गई।

## पत्रकार योगेंद्र का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया, मिठाई खिलाकर दी शुभकामनाएं



**करैरा।** अनुभवी और मार्गदर्शक व्यक्तित्व आदरणीय वरिष्ठ पत्रकार योगेन्द्र पांडे का जन्मदिन आज अत्यंत सादगी, आत्मीयता और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर पत्रकार साथियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। विशेष रूप से पत्रकार रवि गौतम ने अपने हाथों से मिठाई खिलाकर उनको जन्मदिन की बधाई दी और उनके दीर्घायु, स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना की।

योगेन्द्र पांडे का नाम पत्रकारिता क्षेत्र में ईमानदारी, निष्पक्षता और निर्भीक लेखनी के लिए विशेष सम्मान के साथ लिया जाता है। उन्होंने अपने लंबे और गरिमामय पत्रकारिता जीवन में सदैव सत्य, सामाजिक सरोकार और जनहित को सर्वोपरि रखा है।

## ओलंपियाड में रोहित का परचम, विकासखंड में गणित से आए प्रथम



**पिछोर।** गणित विषय की ओलंपियाड परीक्षा में सांदीपनि विद्यालय गणेशखेड़ा के कक्षा 10वीं के मेधावी छात्र रोहित जाटव ने पूरे विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। रोहित की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य शिशुपाल सिंह लोधी द्वारा उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, आगे की शैक्षणिक गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें ग्वालियर आने-जाने का किराया भी प्रदान किया गया। प्राचार्य श्री लोधी ने रोहित की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां विद्यालय के सशक्त शैक्षणिक वातावरण एवं शिक्षकों के समर्पण का परिणाम हैं। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों से भी रोहित से प्रेरणा लेकर अध्ययन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। रोहित जाटव की यह सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय परिवार की ओर से रोहित को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। अन्य विद्यार्थियों ने भी ओलंपियाड परीक्षाओं में सफलता पाई। कक्षा 8वीं में हिंदी से भूपेंद्र लोधी, भूमिका रजक तथा अंग्रेजी में ज्योति रजक सफल रहीं। कक्षा 7वीं में अंग्रेजी में सेंकी रजक, गणित एवं विज्ञान में रितिका लोधी तथा सामाजिक विज्ञान में नैंसी लोधी ने परीक्षा उत्तीर्ण की।

## गर्ल्स कॉलेज में शुरू हुआ ब्यूटी पार्लर, सौंदर्य चिकित्सा प्रशिक्षण के लिए 90 छात्राओं ने कराया अपना पंजीयन






**हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना**

गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं के कौशल विकास और उन्हें स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा एक माह के ब्यूटी पार्लर /सौंदर्य चिकित्सा प्रशिक्षण का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण 19 दिसंबर से प्रारंभ होकर 19 जनवरी तक संचालित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षक प्रीति माली, रानी जैन, प्रतिमा झा और पूजा माली द्वारा छात्राओं को न सिर्फ प्रशिक्षित किया जाएगा। बल्कि उन्हें सौंदर्य चिकित्सा की बारीकियों और इस क्षेत्र में स्वरोजगार की संभावनाओं से भी अवगत कराया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए कुल 90 छात्राओं ने अपना पंजीयन कराया है, जिनके लिए प्रतिदिन उपस्थिति अनिवार्य रखी गई है। प्रशिक्षण की समाप्ति के पश्चात सभी छात्राओं का मूल्यांकन किया जाएगा और उनसे फीडबैक फॉर्म भी भरवाया जाएगा, जिसके आधार पर उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को विशेष रूप से पुरस्कृत भी किया जाएगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रश्मि जैन ने कहा कि वर्तमान समय में ब्यूटी और वेलनेस सेक्टर में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण केवल व्यक्तिगत निखार के लिए नहीं है, बल्कि यह आपको आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि छात्राएं पूरी लगन और अनुशासन के साथ इस हुनर को सीखती हैं, तो वे अपनी पढ़ाई के साथ-साथ खुद का स्टार्टअप या पार्लर शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। उन्होंने प्रशिक्षण की शर्तों और प्रमाण पत्र की महत्ता पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चंदा रत्नाकर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय का सदैव यह प्रयास रहता है कि छात्राओं को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक कौशल में भी दक्ष किया जाए। उन्होंने छात्राओं को इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं के उत्साह को देखते हुए उन्हें प्रशिक्षण के लिए आवश्यक किट भी प्रदान की गईं। इस अवसर पर डॉ. उमा लवानिया, प्रकाश चंद, डॉ. रश्मि द्विवेदी, डॉ. यशवंत शर्मा, डॉ. आशीष गुप्ता, अरुण उपाध्याय, मनीता राजपूत, कीर्ति ठाकुर और राजीव लोधी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा दीक्षा तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में उपस्थित छात्राओं में उत्साह का माहौल दिखाई दिया।

## लोक गीत व भजन संध्या से मनाया पूर्व नपाध्यक्ष का श्रद्धांजलि समारोह



**करैरा।** सौरभ भार्गव पत्रकार की दादी एवं करैरा की पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रहीं राजकुमारी भार्गव का 103 वर्ष की आयु में निधन होने के उपरांत करैरा में एक अद्भुत, अनूठा और प्रेरणादायी श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया, जिसे परिवारजनों ने शोक नहीं बल्कि उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया। दीर्घायु पूर्ण कर शतायु की प्राप्ति के बाद स्वर्गलोक गमन करने वाली राजकुमारी भार्गव के व्यक्तित्व, सामाजिक योगदान और संघर्षपूर्ण जीवन को स्मरण करते हुए उनके पुत्र सुभाष भार्गव ने बताया कि उनकी माता ने जीवन के सभी सुख प्राप्त किए, उन्होंने पुत्र, नाती-पोते, परिवार, सम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा सब कुछ देखा, ऐसे में उनका जाना दुःखद अवश्य है लेकिन वह एक पूर्ण और संतुष्ट जीवन जीकर गईं, इसलिए परिवार ने उन्हें आँसू नहीं बल्कि मुस्कान के साथ विदाई देने का संकल्प लिया।

इसी भावना के साथ श्रद्धांजलि कार्यक्रम को लोक गीत, भजन संध्या और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उत्सव का स्वरूप दिया गया, जिसमें बुंदेलखंड के प्रसिद्ध कलाकार कलाकार रामायणी यादव द्वारा प्रस्तुत किए गए लोक गीतों और भजनों ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और भावविभोर कर दिया। भजनों की स्वर लहरियों और बुंदेली लोक गीतों पर उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध नजर आया और हर किसी ने इस आयोजन को जीवन और मृत्यु के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण का संदेश देने वाला बताया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकारगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष के रूप में राजकुमारी भार्गव के कार्यकाल, उनके सामाजिक सरोकार, नगर विकास में योगदान और सरल स्वभाव को याद किया।

करैरा में इस प्रकार पहली बार किसी श्रद्धांजलि कार्यक्रम को ह्यश्रद्धांजलि उत्सवह्व के रूप में मनाया गया, जिसे देखकर नगरवासियों में जिज्ञासा और चर्चा का विषय बना रहा। पूरे आयोजन में अनुशासन, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जिसने यह संदेश दिया कि मृत्यु को भी गरिमा, सम्मान और उत्सव के भाव से स्वीकार किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में परिवारजनों ने भगवान से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा जहां भी रहे, अपने आशीर्वाद से परिवार, समाज और नगर को सदैव मार्गदर्शन देती रहे। यह श्रद्धांजलि समारोह न केवल करैरा बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आया।